रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 263] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, अगस्त 2, 2018/श्रावण 11, 1940
No. 263] NEW DELHI, THURSDAY, AUGUST 2, 2018/SHRAVANA 11, 1940

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

(दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 2 अगस्त, 2018

विषय: दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार, 2018 हेतु दिशानिर्देश

सं. 4-7/2016-डीडीआरसी (राष्ट्रीय पुरस्कार).—दिव्यांगजनों का सशक्तिकरण एक अंतर-अनुशासनात्मक प्रक्रिया है, जिसमें रोकथाम, शीघ्र पहचान, हस्तक्षेप, शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण , पुनर्वास और सामाजिक एकीकरण आदि जैसे विभिन्न पहलू सम्मिलित हैं। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के खंड 24 में दिव्यांगजनों के अधिकारों की सुरक्षा और उनके अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रमों और योजनाओं के निर्माण का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त, उक्त अधिनियम का खंड 39 अन्य बातों के साथ-साथ दिव्यांगजनों के कौशल, योग्यता और क्षमता तथा कार्यबल, श्रम बाजार और व्यावसायिक शुल्क में उनके योगदान की अग्रिम मान्यता के लिए जागरूकता अभियान और संवेदीकरण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए सरकार को अधिदेशित करता है ।

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के उपर्युक्त प्रावधानों की भावना को ध्यान में रखते हुए, सरकार का दिव्यांगजनों के व्यक्तिगत रूप से अथवा अन्यथा दिये गये योगदान/ कौशल को मान्यता देते हुये, एवं दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में सरकारी और निजी निकायों द्वारा दिये गए योगदान को भी मान्यता देते हुये पुरस्कार प्रदान करने का प्रयोजन है।

इसलिए, ऐसे राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करने के सरकार के प्रयोजन को प्रभावी बनाने के लिए, केंद्र सरकार एतद् द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए दिशानिर्देश निर्धारित करती है , नामतः-

1) (क) इन दिशानिर्देशों को "दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए दिशानिर्देश" कहा जा सकता है।

(ख) ये दिशानिर्देश भारत के राजपत्र में इनके प्रकाशन की तिथि से लागू होंगे।

2. दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए दिशानिर्देश:

21. पुरस्कारों का विश्लेषण एवं श्रेणियां: -

I.	**सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग कर्मचारी/स्वनियोजित**		
संख्या	**उप-श्रेणी**	**पुरस्कारों की संख्या**	**पुरस्कारों के विवरण**
(i)	गतिविषयक दिव्यांगता (गतिविषयक दिव्यांगता, बहुदुष्पोषण दिव्यांगता, बौनापन, तेज़ाबी आक्रमण पीडित, कुष्ठ रोग मुक्त, प्रमस्तिष्क घात)	दो (एक पुरुष के लिए तथा एक महिला के लिए)	प्रत्येक पुरस्कार प्राप्तकर्ता को पचास हजार रुपये नकद, एक प्रशस्ति पत्र, प्रमाणपत्र और एक पदक
(ii)	दृष्टिगत ह्रास (अंधता,निम्न दृष्टि)	दो (एक पुरुष के लिए तथा एक महिला के लिए)	वही
(iii)	श्रवण शक्ति का ह्रास (बधिर, कम सुनने वाला)	दो (एक पुरुष के लिए तथा एक महिला के लिए)	वही
(iv)	वाक् एवं भाषा दिव्यांगता (वाक् एवं भाषा दिव्यांगता)	दो (एक पुरुष के लिए तथा एक महिला के लिए)	वही
(v)	विकास विकार (स्वलीनता स्पेक्ट्रम विकार, विनिर्दिष्ट विद्या दिव्यांगता)	दो (एक पुरुष के लिए तथा एक महिला के लिए)	वही
(vi)	बौद्धिक दिव्यांगता (पहले मानसिक मंदता के रूप में जाना जाता था)	दो (एक पुरुष के लिए तथा एक महिला के लिए)	वही
(vii)	मानसिक व्यवहार (मानसिक रूग्णता)	दो (एक पुरुष के लिए तथा एक महिला के लिए)	वही
(viii)	रक्त विकार के कारण दिव्यांगता (हैमोफिलिया, थैलेसीमिया, सिक्कल कोशिका रोग)	दो (एक पुरुष के लिए तथा एक महिला के लिए)	वही
(ix)	चिरकारी तंत्रिका दशाएं (बहु स्केलेरोसिस, पार्किंसंस रोग)	दो (एक पुरुष के लिए तथा एक महिला के लिए)	वही
(x)	बहु दिव्यांगताएं (उपरोक्त व्यापक श्रेणियों में से किन्हीं दो या दो से अधिक दिव्यांगताएं)	दो (एक पुरुष के लिए तथा एक महिला के लिए)	वही
II.	**सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा प्लेसमेंट अधिकारी या एजेंसी के लिए पुरस्कार**		
(i)	सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता	तीन - प्रत्येक के लिए एक: (i) सरकारी संगठन (ii) सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम या स्वायत्त या स्थानीय सरकारी निकाय (iii) निजी या गैर-सरकारी संगठन	प्रत्येक पुरस्कार प्राप्त कर्त्ता के लिए एक लाख रुपये नकद, एक प्रशस्ति पत्र, प्रमाणपत्र तथा एक पदक
(ii)	सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट अधिकारी /एजेंसी	दो - प्रत्येक के लिए एक: (i) स्वायत्त सरकारी संगठन या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (ii) निजी या गैर-सरकारी संगठन/कार्यालय	प्रत्येक पुरस्कार प्राप्त कर्त्ता के लिए पचास हजार रुपये नकद, एक प्रशस्ति पत्र, प्रमाणपत्र तथा एक शील्ड

III.	**दिव्यांगजनों के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा संस्था के लिए पुरस्कार**		
(i)	सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति	दो (व्यावसायिक और गैर व्यावसायिक प्रत्येक के लिए एक)	प्रत्येक पुरस्कार प्राप्त कर्त्ता के लिए एक लाख रुपये नकद, एक प्रशस्ति पत्र, एक प्रमाण पत्र
(ii)	सर्वश्रेष्ठ संस्थान	दो प्रत्येक के लिए एक: (i) दिव्यांगजनों को व्यापक तरीके से समग्र व्यापक सेवाएं प्रदान करने वाला एक संगठन और (ii) दिव्यांग बच्चों/व्यक्तियों के लिए समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने वाले एक संगठन को	प्रत्येक पुरस्कार प्राप्तकर्त्ता के लिए दो लाख रुपये नकद, एक प्रशस्ति पत्र और एक प्रमाणपत्र
IV.	**प्रेरणा स्रोत पुरस्कार**		
(i)	गतिविषयक दिव्यांगता (गतिविषयक दिव्यांगता, बहुदुष्पोषण दिव्यांगता, बौनापन, तेज़ाबी आक्रमण पीडित, कुष्ठ रोग मुक्त, प्रमस्तिष्क घात)	दो (एक पुरूष के लिए तथा एक महिला के लिए)	प्रत्येक पुरस्कार प्राप्तकर्त्ता के लिए एक लाख रुपये नकद, एक प्रशस्ति पत्र, और एक प्रमाणपत्र
(ii)	दृष्टिगत ह्रास (अंधता,निम्न दृष्टि)	दो (एक पुरूष के लिए तथा एक महिला के लिए)	वही
(iii)	श्रवण शक्ति का ह्रास (बधिर, कम सुनने वाला)	दो (एक पुरूष के लिए तथा एक महिला के लिए)	वही
(iv)	वाक् एवं भाषा दिव्यांगता (वाक् एवं भाषा दिव्यांगता)	दो (एक पुरूष के लिए तथा एक महिला के लिए)	वही
(v)	विकास विकार (स्वलीनता स्पेक्ट्रम विकार, विनिर्दिष्ट विद्या दिव्यांगता)	दो (एक पुरूष के लिए तथा एक महिला के लिए)	वही
(vi)	बौद्धिक दिव्यांगता (पहले मानसिक मंदता के रूप में जाना जाता था)	दो (एक पुरूष के लिए तथा एक महिला के लिए)	वही
(vii)	मानसिक व्यवहार (मानसिक रूग्णता)	दो (एक पुरूष के लिए तथा एक महिला के लिए)	वही
(viii)	रक्त विकार के कारण दिव्यांगता (हैमोफिलिया, थैलेसीमिया, सिक्कल कोशिका रोग)	दो (एक पुरूष के लिए तथा एक महिला के लिए)	वही
(ix)	चिरकारी तंत्रिका दशाएं (बहु स्केलेरोसिस, पार्किंसंस रोग)	दो (एक पुरूष के लिए तथा एक महिला के लिए)	वही
(x)	बहु दिव्यांगताएं (उपरोक्त व्यापक श्रेणियों में से किन्हीं दो या दो से अधिक दिव्यांगताएं)	दो (एक पुरूष के लिए तथा एक महिला के लिए)	वही

V.	**दिव्यांगजनों के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ अनुप्रयुक्त अनुसंधान या नवप्रवर्तन या उत्पाद विकास के लिए पुरस्कार**		
(i)	दिव्यांगजनों का जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ अनुप्रयुक्त अनुसंधान या प्रौद्योगिकी नवप्रवर्तन	एक	एक लाख रुपये का नकद, एक प्रशस्ति पत्र और एक प्रमाण पत्र
(ii)	दिव्यांगजगनों के जीवन सुधारने के निमित्त विनिर्माण के लिए नए लागत प्रभावी उत्पाद का विकास	दो	वही
VI.	**दिव्यांगजनों के लिए बाधामुक्त वातावरण के सृजन में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार**		
(i)	सरकारी विभाग या कार्यालय या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्वायत्त निकाय	एक	एक प्रशस्ति पत्र और एक प्रमाण पत्र
(ii)	स्थानीय निकाय	एक	दो लाख रुपये नकद, एक प्रशस्ति पत्र और एक प्रमाण पत्र
(iii)	निजी क्षेत्र या गैर सरकारी संगठन	एक	दो लाख रुपये नकद, एक प्रशस्ति पत्र और एक प्रमाण पत्र
VII.	**पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने में सर्वश्रेष्ठ जिले के लिए पुरस्कार**	एक	एक शील्ड, एक प्रमाण पत्र और एक प्रशस्ति पत्र, कोई नकद पुरस्कार नहीं
VIII.	**नैशनल हैंडीकैप्ड फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कारपोरेशन की सर्वश्रेष्ठ राज्य चैनेलैजिंग एजेंसी**	एक	एक शील्ड, एक प्रमाण पत्र और एक प्रशस्ति पत्र
IX.	**उत्कृष्ट सृजनशील वयस्क दिव्यांगजनों के लिए पुरस्कार**	दो (एक पुरुष के लिए और एक महिला के लिए)	प्रत्येक पुरस्कार प्राप्त कर्त्ता के लिए पचास हजार रुपये नकद, एक पदक, एक प्रशस्ति पत्र और एक प्रमाण पत्र
X.	**सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग बच्चे के लिए पुरस्कार**	दो (एक बालक के लिए तथा एक बालिका के लिए)	प्रत्येक पुरस्कार प्राप्तकर्त्ता के लिए पचास हजार रूपए नकद, एक पदक, एक प्रशस्ति पत्र और एक प्रमाण पत्र
XI.	**सर्वश्रेष्ठ ब्रेल प्रेस**	एक	एक लाख रुपये नकद, एक प्रशस्ति पत्र और एक प्रमाण पत्र
XII.	**सर्वश्रेष्ठ सुगम्य वेबसाइट**		
(i)	सरकारी निकाय	एक	एक शील्ड, एक प्रमाणपत्र और एक प्रशस्ति पत्र
(ii)	पीएसयू या स्थानीय निकाय	एक	वही
(iii)	निजी क्षेत्र	एक	वही
XIII.	**(i) दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में सर्वश्रेष्ठ राज्य** **ii) सुगम्य भारत अभियान का कार्यान्वयन**	एक एक	एक शील्ड, एक प्रमाण पत्र और एक प्रशस्ति पत्र एक शील्ड, एक प्रमाण पत्र और एक प्रशस्ति पत्र

XIV.	**सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ी**	4 (दो पुरुष के लिए और दो महिला के लिए]	प्रत्येक पुरस्कार प्राप्तकर्त्ता के लिए एक लाख रूपए नगद, एक प्रमाण पत्र, एक प्रशस्ति पत्र और एक शील्ड

2.2 पुरस्कारों के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करने और पुरस्कार विजेताओं के चयन की प्रक्रिया:-

(i) प्रमुख राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय समाचार पत्रों में विज्ञापन के माध्यम से अनुबंध-क से अनुबंध-थ पर दिए गए निर्धारित आवेदन प्रपत्र में उपरोक्त पैरा 2.1 में यथा विहित श्रेणियों में पात्र उम्मीदवारों या संस्थापनों या संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे।

(ii) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग पुरस्कारों के लिए नामांकन आमंत्रित करते हुए केन्द्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों तथा संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को लिखेगा।

2.3 एजेंसियां अथवा व्यक्ति जो नामांकन कर सकते हैं तथा नामांकनों को अग्रेषित करने संबंधी प्रक्रिया:-

(i) केंद्र सरकार, राज्य सरकार और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय को निर्धारित तिथि तक अपनी अनुशंसाएं अग्रेषित करेंगे।

(ii) भूतपूर्व पुरस्कार प्राप्तकर्त्ता भी अनुशंसा कर सकते हैं और आवेदन भेज सकते हैं।

(iii) निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर पुरस्कार हेतु विचार नहीं किया जाएगा।

2.4 प्राप्तनामांकनों की छटाई के लिए छानबीन समितियां:-

(i) राष्ट्रीय पुरस्कारों की विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्तकर्त्ताओं की छटाई के लिए छानबीन समितियां होंगी। छानबीन समिति में निम्नलिखित में से, अध्यक्ष सहित चार से पांच सदस्य होंगे:-

क) केन्द्र सरकार के अपर सचिव तथा उनसे ऊपर के रैंक के सेवारत या सेवानिवृत्त अधिकारी अथवा प्रख्यात सरकारी संस्थानों के अधिकारी;

ख) दिव्यांगताकेक्षेत्र में प्रख्यात व्यक्ति तथा विशेषज्ञ अथवा पुरस्कार के संगत क्षेत्र में विशेषज्ञ;

ग) गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि;

घ) दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा विभाग के अधीन संगठनों के उप सचिव तथा इसके ऊपर के रैंक के अधिकारी छानबीन समितियों के संयोजक के रूप में कार्य करेंगे।

(ii) राष्ट्रीय चयन समिति छानबीन समिति की अनुशंसाओं के आधार पर विभिन्न श्रेणियों हेतु पुरस्कार प्राप्तकर्त्ताओं का नामांकन तय करेगी।

(iii) छानबीन समितियों के संयोजक चयन प्रक्रिया में राष्ट्रीय चयन समिति की सहायता करेंगे।

(iv) छानबीन समितियों तथा राष्ट्रीय चयन समिति के गैर-सरकारी सदस्य भारत सरकार में लागू वित्तीय नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार टीए/डीए के लिए पात्र होंगे।

(v) राष्ट्रीय पुरस्कार की विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत नामित पुरस्कार प्राप्तकर्त्ताओं को स्पीड पोस्ट/एक्सप्रेस टेलीग्राम/फैक्स/टेलीफोन के माध्यम से प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह की तिथि और स्थान के बारे में सूचित किया जाएगा। पुरस्कार चयनित व्यक्तियों या संस्था की ओर से संस्था के प्रतिनिधि द्वारा व्यक्तिगत रूप से प्राप्त किए जा सकते है।

2.5 राष्ट्रीय चयन समिति:-

(i) राष्ट्रीय चयन समिति द्वारा छानबीन समितियों की अनुशंसाओं के आधार पर पुरस्कार प्राप्तकर्त्ताओं का चयन किया जाएगा।

(ii) राष्ट्रीय चयन समिति में निम्नलिखित अधिकारी शामिल होंगे:-

(i)	केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री	अध्यक्ष,पदेन
(ii)	राज्य मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय	उपाध्यक्ष, पदेन
(iii)	सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय	सदस्य, पदेन
(iv)	अध्यक्ष, राष्ट्रीय महिला आयोग	सदस्य
(v)	निदेशक, ललित कला अकादमी	सदस्य
(vi)	भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के प्रतिनिधि	सदस्य
(vii)	विभागाध्यक्ष, पुनर्वास विभाग, सफदरजंग अस्पताल,नई दिल्ली	सदस्य
(viii)	सीएसआईआर का प्रतिनिधि (संयुक्त सचिव स्तर से नीचे नहीं)	सदस्य
(ix)	डीआरडीओ की पुनर्वास विंग के प्रतिनिधि	सदस्य
(x)	दिव्यांगजन मुख्य आयुक्त	सदस्य
(xi)	अध्यक्ष, भारतीय पुनर्वास परिषद	सदस्य
(xii)	अध्यक्ष, राष्ट्रीय न्यास, नई दिल्ली	सदस्य
(xiii)	विशेष सचिव/अपर सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय	सदस्य
(xiv)	संयुक्त सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय	संयोजक

(iii) राष्ट्रीय चयन समिति पैरा 2.1 के सारणी में उल्लिखित किसी भी या सभी श्रेणियों या उपश्रेणियों में पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं की अधिक संख्या चयनित कर सकती है।

(iv) दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग चयन समिति के लिए सदस्यों को सह-वरण कर सकता है।

(v) चयन समिति के गैर-सरकारी सदस्य भारत सरकार में लागू वित्तीय नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार टीए/डीए के लिए पात्र होंगे।

(vi) राष्ट्रीय चयन समिति का निर्णय बहुमत मतदान द्वारा होगा और दोनों ओर समान मतों की सीमा में, किसी बैठक विशेष की अध्यक्षता करने वाले अध्यक्ष का निर्णायक मत होगा।

(vii) राष्ट्रीय चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा ।

2.6 चयन के लिए मानदंड:-

2.6.1 सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग कर्मचारी अथवा स्वनियोजित दिव्यांग हेतु: -

(क) सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग कर्मचारियों या स्वनियोजित दिव्यांगों हेतु 20 राष्ट्रीय पुरस्कार निम्निलिखित दस विशिष्ट श्रेणियों में होंगे:-

(i) गतिविषयक दिव्यांगता

(गतिविषयक दिव्यांगता, मांसपेशी दिव्यांगता, बौनापन, तेज़ाबी आक्रमण पीड़ित, कुष्ठ रोग मुक्त, प्रमस्तिष्क घात)

(ii) दृष्टिगत ह्रास

(अंधता, निम्न दृष्टि)

(iii) श्रवण शक्ति का ह्रास

(बधिर, कम सुनने वाला व्यक्ति)

(iv) वाक और भाषा दिव्यांगता

(वाक और भाषा दिव्यांगता)

(v) विकास संबंधी विकार

(ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिस्ऑर्डर, विशिष्ट विद्या दिव्यांगता)

(vi) बौद्धिक दिव्यांगता

(पहले मानसिक मंदता के रूप में जाना जाता था)

(vii) मानसिक रूग्णता

(मानसिक रूग्णता)

(viii) रक्त विकार के कारण दिव्यांगता

(हीमोफीलिया, थैलेसीमिया, सिकल सेल रोग)

(ix) क्रोनिक न्यूरोलॉजिकल स्थितियां

(मल्टीपल स्क्लेरोसिस, पार्किंसंस रोग)

(x) बहु-दिव्यांगताएं

(उपरोक्त व्यापक श्रेणियों में से किन्हीं दो या दो से अधिक दिव्यांगताएं)

(ख) सरकार, सांविधिक निकायों, निगमों, स्थानीय निकायों, केन्द्रीय एवं राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, निजी क्षेत्र आदि के कर्मचारी और स्वनियोजित व्यक्ति पुरस्कार के लिए पात्र होंगे।

(ग) दिव्यांगकर्मचारियों का आकलन निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर किया जाएगा: -

क्र.सं.	मानदंड	अंक
(i)	उपस्थिति में समय की पाबंदी एवं नियमितता	10%
(ii)	वरिष्ठ अधिकारियों एवं सहकर्मियों के साथ सहयोग	10%
(iii)	गतिशीलता, आत्मनिर्भरता एवं स्वतंत्रता आदि की सीमा	10%
(iv)	प्राकृतिक पर्यावरण, उपकरण, मशीन तथा प्रक्रिया आदि में समायोजन हेतु कोई अत्यधिक मांग नहीं	10%
(v)	दिव्यांगता के संदर्भ में किसी विशेष पारिश्रमिक की कोई अतिरिक्त मांग नहीं	10%
(vi)	दिव्यांगता का प्रकार	10%
(vii)	दिव्यांगता की तीव्रता	10%
(viii)	गैर-दिव्यांग सहकर्मियों की तुलना में उसके कार्य परिमाण/उत्पादन का अनुपात	10%
(ix)	दिव्यांग होने के बाद अर्जित शिक्षा/योग्यता	10%
(x)	दिव्यांग होने के बाद योग्यता के कारण कैरियर में प्रगति	10%

(घ) दिव्यांग स्व-नियोजित व्यक्तियों का आकलन निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर किया जाएगा:-

क्र.सं.	मानदंड	अंक
(i)	व्यवसाय से अनुकूलतम अथवा उल्लेखनीय लाभ अर्जित किया जा रहा है।	15%
(ii)	दिव्यांगजन व्यवसाय के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करते हैं।	10%
(iii)	दिव्यांगजन अपने कर्मचारियों को भुगतान करता है और वित्तीय संस्थानों को ऋण की किस्तों का नियमित भुगतान करता है।	10%
(iv)	पिछले पांच वर्षों का वार्षिक कारोबार	15%
(v)	उद्यम में लागू किया गया नवाचार	10%

(vi)	बिना किसी सहारे के किस सीमा तक उद्यम को संचालित कर सकता है।	10%
(vii)	उद्यम में नियोजित दिव्यांगजनों की संख्या	10%
(viii)	किसी भी तीव्रता और प्रकार की दिव्यांगता होने के बावजूद संस्थान की स्थापना की एवं उसे सुचारू रूप से सफतापूर्वक चलाया	10%
(ix)	विपरीत सामाजिक आर्थिक परिस्थितियां होने के बावजूद संस्थान की स्थापना की एवं उसे सफलतापूर्वक चलाया	10%

(ङ) जांच समिति द्वारा दिव्यांग कर्मचारियों या स्व-नियोजित दिव्यांगजनों के वर्ग में पुरस्कार योग्य अभ्यर्थियों का चयन करते समय ग्रामीण तथा शहरी दोनों दिव्यांगजनों, दिव्यांग महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा और एक समान क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा।

(च) आवेदन अनुबंध-क में संलग्न निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित किए जाएंगे।

2.6.2 (क) सर्वश्रेष्ठ नियोक्ताओं हेतु: -

(i) 3 उपश्रेणियों(क) सरकारी संगठन, (ख) सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठान या स्वायत्त निकाय या स्थानीय सरकारी निकाय तथा (ग) निजी या गैर सरकारी संगठन के तहत दिव्यांगजनों के उत्कृष्ट नियोक्ताओं का आकलन निम्नलिखित मानदंड के आधार पर किया जाएगा : -

क्र.सं.	मानदंड	अंक
(i)	कि दिव्यांगजनो के नियोजन की न्यूनतम शर्त को ध्यान में रखते हुए उस वर्णित प्रतिष्ठान में कम से कम 10% कर्मचारी दिव्यांग हैं, (100 अथवा अधिक दिव्यांगजनों को नियोजित करने वाले बडे प्रतिष्ठानों के मामले में 10% की शर्त का दृढता से अनुपालन किया जाना आवश्यक नहीं है)	20%
(ii)	कि जहां कहीं आवश्यक हो, मशीनरी में मामूली समायोजन/संशोधन किए गए हैं	5%
(iii)	कि कार्यस्थल पर बाधामुक्त पहुंच सहित आवश्यक पर्यावरणीय उपांतरण किए गए हैं	10%
(iv)	कि दिव्यांग कर्मचारियों के लिए वेतन की दर सहित वही सेवा शर्तें लागू हैं जो समान कार्य हेतु अन्य कर्मचारियों के लिए निर्धारित हैं	15%
(v)	कि नियोजकों ने दिव्यांगजनों की समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया है	10%
(vi)	कि जहां आवश्यक तथा व्यवहार्य है, आवास एवं परिवहन आदि जैसी अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान की जाती हैं	10%
(vii)	प्रतिधारण दर	10%
(viii)	कर्मचारियों का आकलन; तथा	10%
(ix)	सुनिश्चित की गई उत्पादकता	10%

(i) आवेदन अनुबंध-ख में संलग्न निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित किए जाएंगे।

2.6.2(ख) सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट अधिकारी या एजेंसी:

(i) दिव्यांगजनों के नियोजन अधिकारी/संस्था की श्रेणी के अंतर्गत दो राष्ट्रीय पुरस्कार होंगे, निम्नलिखित दो उप श्रेणियों में एक-एक पुरस्कार प्रदान किया जाएगा: -

(क) स्वायत्त सरकारी संगठन या सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठान और

(ख) निजी / गैर-सरकारी संगठन या अधिकारी

(ii) दिव्यांगजनों के नियोजन के लिए सर्वश्रेष्ठ नियोजन अधिकारी का आकलन निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर किया जाएगा:-

क्र.सं.	मानदंड	अंक
(i)	कि उसने पिछले 5 वर्षों के दौरान कम से कम 50% पंजीकृत बेरोजगार दिव्यांगजनों को नियोजित कराया और उनमें से कम से कम 30% महिलाएं थीं;	20%
(ii)	पिछले पांच वर्षों के दौरान नियोजित दिव्यांगजनों की कुल संख्या	10%
(iii)	पिछले पांच वर्षों के दौरान उसके द्वारा की गई अनुवर्ती कार्रवाई एवं उससे पंजीकृत लोगों का नियोजन पिछले वर्ष के अंत तक सर्वोत्कृष्ट रहा है;	25%
(iv)	कि नियोजन अधिकारी का व्यवहार पंजीकृत दिव्यांगजनों के प्रति सकारात्मक एवं सहायतापूर्ण रहा है;	20%
(v)	वर्णित वर्ष में छोड कर जाने वाले कर्मचारियों का प्रतिशत 20% से अधिक नहीं होना चाहिए;	15%
(vi)	नियोजन अधिकारी दिव्यांगजनों के सभी वर्गों को नियोजन प्रदान करेगा और नियोजन हेतु सहायता करते समय उनमें संतुलन बनाएं रखेगा;	10%

(iii) आवेदन अनुबंध-ग में संलग्न निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित किए जाएंगे।

2.6.3 (क) सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति हेतु:-

(i) विशेष प्रकार की दिव्यांगता से ग्रस्त व्यक्तियों से संबंधित क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्तियों को दो राष्ट्रीय पुरस्कार (व्यावसायियों और गैर-व्यावसायियों को एक-एक) प्रदान किए जाएंगे।

(ii) ये पुरस्कार उन व्यक्तियों को प्रदान किए जाएंगे जिन्होंने किसी वर्ष विशेष के दौरान दिव्यांगों के लिए उत्कृष्ट कार्य किया हो। व्यक्ति की उत्कृष्टता का निर्धारण निम्नलिखित आधार पर किया जाएगा:-

क) संगठन, जिसमें वह कार्य करता/करती है वह उसे उत्कृष्ट मानता है।

ख) वह पिछले 10 वर्षों के दौरान नए कार्यक्रम अथवा सेवाएं शुरू करने के लिए उत्तरदायी है जिनके फलस्वरूप विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में दिव्यांगजन लाभांवित हुए हैं।

ग) संस्थान के वेतनभोगी अधिकारी चयन हेतु पात्र नहीं होंगे। हालांकि, दिव्यांगजनों के लिए कार्यरत गैर-सरकारी संगठनों के वेतनभोगी कार्यकर्त्ता/अधिकारी पात्र हो सकते है।

घ) उसका योगदान दिव्यांग कल्याण/पुनर्वास/शिक्षा/प्रशिक्षण आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट होना चाहिए।

ड.) सामुदायिक पुनर्वास हेतु पुनर्वास मॉडल के विकास तथा दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों में इसके कार्यान्वयन में उसका योगदान।

च) दिव्यांगों के कल्याण एवं समग्र विकास हेतु समर्पित तथा दिव्यांगों के अधिकारों एवं समान अवसरों के बारे में समुदाय को संवेदनशील बनाने वाले उत्कृष्ट व्यक्ति।

छ) दिव्यांगों के लिए व्यक्ति द्वारा निष्पादित किए गए कार्य की गुणतत्ता और इस प्रयोजन हेतु उसके महत्व को भी उचित तरजीह दी जाएगी।

ज) उसने असाधारण व्यावसायिक उपलब्धियां हासिल की हो।

(iii) आवेदन अनुबंध-घ में संलग्न निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित किए जाएंगे।

2.6.3 (ख) सर्वश्रेष्ठ संस्थान हेतु:-

(i) इस श्रेणी के अंतर्गत दो राष्ट्रीय पुरस्कार होंगे। निम्नलिखित दो उप श्रेणियों के अंतर्गत एक-एक पुरस्कार प्रदान किया जाएगा: -

(क) संगठन, जो दिव्यांगजनों को समावेशी तरीके से व्यापक सेवाएं प्रदान करते है, तथा

(ख) संगठन, जो दिव्यांगज बच्चों/व्यक्तियों के लिए समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देते हैं।

(ii) इस श्रेणी में पुरस्कार प्रदान करने हेतु मानदंड निम्नानुसार होगा:-

क्र.सं.	मानदंड	अंक
(i)	संस्थान ने विभिन्न प्रकार की दिव्यांगताओं से ग्रस्त लोगों के िलए व्यापक सेवा शुरू की है।	10%
(ii)	नए उपकरणों के उपयोग को अपनाया है	10%
(iii)	नई सेवाएं प्रदान की है।	15%
(iv)	मौजूदा सेवाओं में सुधार हेतु नई कार्यनीतियां शुरू की हैं	10%
(v)	पुनर्वास कार्य में प्रदाताओं के साथ अनुवती कार्रवाई की है	5%
(vi)	शिक्षा / प्रशिक्षण / पुनर्वास आदि के क्षेत्र में उपलब्धियां उत्कृष्ट होनी चाहिए।	10%
(vii)	संस्थान के पास संबद्ध क्षेत्र में कम से कम 10 वर्षों का अनुभव होना चाहिए	10%
(viii)	अपने मुख्यालय के आस-पास संपर्क सेवाओं के विस्तार में संस्थान का योगदान	5%
(ix)	विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में दिव्यांगों के पुनर्वास हेतु समुदाय को प्रोत्साहित कराना, उसे शामिल करना तथा सहभागिता सुनिश्चित करना	10%
(x)	संस्थानों का चयन करते समय दिव्यांगजनों को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने के लिए स्थानीय सहभागिता के माध्यम से स्वैच्छिक कार्रवाई को उचित तर्जी दी गई	5%
(xi)	भौगोलिक क्षेत्र जिसमें संस्थान सेवाएं प्रदान कर रहा है	5%
(xii)	दिव्यांगता के वर्ग (वर्गों), जिनमें संस्थान सेवाएं प्रदान कर रहा है	5%

(iii) आवेदन अनुबंध-ङ में संलग्न निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित किए जाएंगे।

2.6.4 प्रेरणा स्रोत हेतु:-

(क) निम्नलिखित 10 श्रेणियों में 20 राष्ट्रीय पुरस्कार होंगे, जिन्हें उन दिव्यांगजनों को प्रदान किया जाएगा जो अपने चयनित क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों के कारण दिव्यांग नागरिकों के लिए एक उदाहरण सिद्ध हो सकते हैं। दिव्यांगता के निम्नलिखित उप-वर्गों में प्रत्येक श्रेणी में दो पुरस्कार – एक पुरूष के लिए और एक महिला के लिए प्रदान किए जाएंगे:-

(i) गतिविषयक दिव्यांगता

(गतिविषयक दिव्यांगता, मांसपेशी दिव्यांगता, बौनापन, तेज़ाबी आक्रमण पीड़ित, कुष्ठ रोग मुक्त, प्रमस्तिष्क घात)

(ii) दृष्टिगत ह्रास

(अंधता, निम्न दृष्टि)

(iii) श्रवण शक्ति का ह्रास

(बधिर, कम सुनने वाला व्यक्ति)

(iv) वाक और भाषा दिव्यांगता

(वाक और भाषा दिव्यांगता)

(v) विकास संबंधी विकार

(ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिस्ऑर्डर, विशिष्ट विद्या दिव्यांगता)

(vi) बौद्धिक दिव्यांगता

(पहले मानसिक मंदता के रूप में जाना जाता था)

(vii) मानसिक रूग्णता

(मानसिक रूग्णता)

(viii) रक्त विकार के कारण दिव्यांगता

(हीमोफीलिया, थैलेसीमिया, सिकल सेल रोग)

(ix) क्रोनिक न्यूरोलॉजिकल स्थितियां

(मल्टीपल स्क्लेरोसिस, पार्किंसंस रोग)

(x) बहु-दिव्यांगताएं

(उपरोक्त व्यापक श्रेणियों में से किन्हीं दो या उससे अधिक दिव्यांगताएं)

हालांकि, यदि किसी एक अथवा अधिक उप-वर्गों में उपयुक्त व्यक्ति नहीं पाए जाते हैं तो पुरस्कार अन्य उप-वर्गों के अतिरिक्त व्यक्ति (व्यक्तियों) को प्रदान किए जाएंगे।

(ख) आवेदन अनुबंध-च में संलग्न निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित किए जाएंगे।

2.6.5 दिव्यांगजनों के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ अनुप्रयुक्त अनुसंधान या नवप्रवर्तन या उत्पाद विकास के लिए पुरस्कार:-

(क) एक राष्ट्रीय पुरस्कार दिव्यांगजनों के जीवन में सुधार लाने के उद्देश्य से किए गए सर्वेश्रेष्ठ अनुप्रयुक्त अनुसंधान या प्रौद्योगिकीय अभिनवीनता हेतु दिया जाएगा और दो पुरस्कार दिव्यांगजनों के जीवन में सुधार लाने के उद्देश्य से नए किफायती उत्पाद के विकास हेतु प्रदान किए जाएंगे।

(ख) अभिनव परियोजनाओं या प्रौद्योगिकी के लिए निम्नलिखित चयन मानदंड होंगे:-

(i) उत्कृष्ट उपकरण, सहायक यंत्र अथवा अनुकूलन यंत्र का विकास जो दिव्यांगजनों के लिए शिक्षा प्राप्त करने, रोजगार प्राप्त करने अथवा उसे बनाए रखने एवं समुदाय के सामाजिक-आर्थिक जीवन में पूर्ण रूप से समेकित होने में उसकी क्षमता में उल्लेखनीय सुधार करता है; तथा

(ii) दिव्यांगजनों की गतिशीलता में वृद्धि करने, उत्पादकता अथवा रोजगार में वृद्धि करने, यंत्र की अनुरक्षण एवं मरम्मत की क्षमता में यंत्र की प्रभावकारिता।

(ग) सरल एवं सर्वाधिक किफायती अनुकूलन प्रौद्योगिकी के लिए निम्नलिखित मानदंड होंगे:-

i) कम लागत वाले संसाधनों का प्रयोग करते हुए दिव्यांगजनों की गतिशीलता बढ़ाने में इसकी प्रभावोत्पादकता।

ii) कम लागत वाले संसाधनों का प्रयोग करते हुए दिव्यांगजनों की उत्पादकता एवं स्वरोजगार को बढ़ाने हेतु अपनी आंतरिक क्षमता के सर्वोत्कृष्ट उपयोग में सहायक होने में इसकी प्रभावोत्पादकता।

iii) कम लागत वाले संसाधनों का प्रयोग करते हुए दिव्यांगजनों में संचार को सुगम बनाने में इसकी प्रभावोत्पादकता।

iv) कम लागत वाले संसाधनों का प्रयोग करते हुए दिव्यांगजनों को शिक्षा प्रदान करने में इसकी प्रभावोत्पादकता।

v) कम लागत वाले संसाधनों का प्रयोग करते हुए दिव्यांगजनों को मनोरंजन प्रदान करने में इसकी प्रभावोत्पादकता।

vi) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा नियुक्त उच्चस्तरीय समिति द्वारा अपनाया गया अन्य काई मानदंड। इस समिति का निर्णय अंतिम होगा।

(घ) आवेदन अनुबंध-छ में संलग्न निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित किए जाएंगे।

2.6.6 दिव्यांगजनों के लिए बाधामुक्त वातावरण के निर्माण में उत्कृष्ट कार्य हेतु:-

(क) बाधा मुक्त वातावरण के निर्माण में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए सरकारी क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम तथा निजी क्षेत्र को एक-एक पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। नियोक्ता द्वारा अपने कार्य परिसर में दिव्यांगजनों को बाधामुक्त सुविधा

एवं कार्य की परिस्थितियां उपलब्ध कराई गई हों। कार्यस्थल आवागमन की दृष्टि से आसान हो, शौचालय सुविधाओं और सांकेतिक भाषा तथा अन्य संकेतों के माध्यम से दिए गए निर्देशों से युक्त हो, जो दिव्यांगजनों की आवाजाही को सुगम्य बनाता हो और अपने समग्र कार्य वातावरण में उन्हें समाहित करता हो।

(ख) आवेदन अनुबंध-ज में संलग्न निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित किए जाएंगे।

2.6.7 सर्वश्रेष्ठ जिला पुरस्कार हेतु: -

(क) पुरस्कार सर्वश्रेष्ठ जिले को दिया जाएगा, जिसने जिला पुनर्वास केंद्र के माध्यम से दिव्यांग व्यक्तियों को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करके उत्कृष्ट कार्य किया है। यह पुरस्कार चयनित जिले से कार्यान्वयन एजेंसी के कलेक्टर और नोडल अधिकारी को दिया जाएगा। एक सर्वोत्तम जिले के चयन के लिए मानदंड इस प्रकार हैं:-

क्र.सं.	मानदंड	अंक
(i)	कार्यनीति एवं आयोजन में स्पष्टता;	30%
(ii)	जिला प्रशासन और स्थानीय गैर सरकारी संगठनों / एजेंसियों की सहभागिता;	20%
(iii)	जिला केन्द्र द्वारा प्रदान की जाने वाली प्रमुख सेवाओं के रूप में समग्र कार्य निष्पादन;	20%
(iv)	एडिप योजना के उपयोग सहित दिव्यांगजनों के लाभार्थ विभिन्न विभागों की योजनाओं और संसाधनों में समाभिरूपता; तथा	15%
(v)	पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता, अपशिष्ट निपटान आदि जैसी निवारक कार्यनीति के विशेष संदर्भ में सेवाओं के प्रावधान की पद्धतियों में नवाचार आदि।	15%

(ख) आवेदन अनुबंध-झ में संलग्न निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित किए जाएंगे।

2.6.8 सवेश्रेष्ठ राज्य परिचालन अभिकरण हेतु:-

(क) सर्वश्रेष्ठ राज्य परिचालन अभिकरण हेतु पुरस्कार का आकलन निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर किया जाएगा:-

क्र.सं.	मानदंड	अंक
(i)	पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान संवितरित ऋण की राशि	25%
(ii)	लाभार्थियों की संख्या, जिन्हें पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान ऋण निर्गत किया गया था।	15%
(iii)	पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान देय राशि में से लाभार्थियों से वसूल की गई राशि का प्रतिशत	20%
(iv)	पिछले वित्तीय वर्ष तक निर्गत धनराशि के उपयोग का प्रतिशत	20%
(v)	एनएचएफडीसी को देय पुनर्भुगतान राशि का प्रतिशत	20%

(ख) यह पुरस्कार उपर्युक्त मानदंडों के आधार पर प्रदान किया जाएगा बशर्ते राज्य परिचालन अभिकरण ने मानदंड (iii), (iv) और (v) के लिए चयन समिति द्वारा निर्धारित मानक स्तर को पूरा करते हुए संतोषजनक रूप में कार्य किया है।

(ग) आवेदन अनुबंध-ञ में संलग्न निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित किए जाएंगे।

2.6.9 एवं 2.6.10 उत्कृष्ट सृजनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्ति एवं बालक/बालिका हेतु:-

(क) दिव्यांगता से ग्रस्त वयस्कों को उनके उत्कृष्ट सृजनात्मक कार्य के लिए दो पुरस्कार कला, साहित्य, संस्कृति के क्षेत्र में तथा दिव्यांगजनों द्वारा किए गये किसी अन्य असाधारण सृजनात्मक कार्य/योगदान के लिए प्रदान किए जाएंगे, जिसका निर्णय चयन समिति द्वारा किया जाएगा।

(ख) दो पुरस्कार 18 वर्ष से कम आयु के दिव्यांग बच्चों को उत्कृष्ट रचनात्मक कार्यों के लिए प्रदान किए जायेंगे, जिनमें एक बालक तथा एक बालिका को कला, साहित्य, संस्कृति या अन्य किसी क्षेत्र में किए गए असाधारण सृजनात्मक कार्य के लिए एक-एक राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा, जिसका निर्णय चयन समिति द्वारा किया जाएगा।

(ग) आवेदन क्रमश: अनुबंध-ट एवं ठ में संलग्न निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित किए जाएंगे।

2.6.11 सर्वश्रेष्ठ ब्रेल प्रेस हेतु:-

(क) सर्वश्रेष्ठ ब्रेल प्रेस के लिए एक पुरस्कार होगा। ब्रेल प्रेस का आकलन निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर किया जाएगा:-

क्र.सं.	मानदंड	अंक
(i)	वह अवधि जब से प्रेस ब्रेल सामग्री का प्रकाशन कर रही है	5%
(ii)	मुद्रित प्रकाशनों की संख्या	15%
(iii)	भाषाओं की संख्या, जिनमें प्रकाशन प्रकाशित किए जा रहे हैं	15%
(iv)	प्रकाशित स्कूल / कॉलेज की पुस्तकों की संख्या	25%
(v)	पिछले तीन वर्ष में प्रत्येक वर्ष मुद्रित पृष्ठों की कुल संख्या	10%
(vi)	पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष मुद्रित टेक्टाइल स्कैचों जैसे ग्राफ, ज्यामितीय चित्रों आदि की संख्या	10%
(vii)	कुल कारोबार, व्यय तथा लाभ/हानि सहित ब्रेल प्रेस की वित्तीय स्थिति	20%

(ख) इस प्रस्ताव हेतु आवेदन अनुबंध-ड के रूप में संलग्न प्रपत्र में प्रस्तुत किए जाएंगे।

2.6.12 सर्वोत्तम सुगम्य वेबसाइट हेतु:-

(क) इस श्रेणी में कुल 3 पुरस्कार होंगे। ऐसे पात्र (i) सरकारी संगठन, (ii) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम / स्वायत्तशासी / स्थानीय सरकारी निकाय और (iii) निजी / गैर सरकारी संगठन प्रत्येक को एक-एक पुरस्कार दिया जाएगा जिनकी वेबसाइट दिव्यांगजनों के अनुकूल होगी।

(ख) आवेदकों का मूल्यांकन निम्नलिखित मानदंडों पर किया जाएगा :

i) यह डब्ल्यूसीएजी 2.0 की एए स्तर के दिशा निर्देशों को पूरा करता है।

ii) दृष्टि दिव्यांगजन स्क्रीनरीडर सॉफ्टवेयर प्रयोग कर सकता है।

iii) माउस का प्रयोग करने में कठिनाई महसूस करने वाले व्यक्ति आवाज पहचान सॉफ़्टवेयर का प्रयोग कर सकते हैं जिससे वर्बल कमांड करने वाले कंप्यूटर पर कार्य किया जा सकता है।

iv) इसमें पाठ के आकार और स्पेस को बदलने की सुविधा हो।

v) इसमें पाठ की कलर स्क्रीन बदलने की सुविधा हो।

vi) क्या वेबसाइट मोबाइल फोन पर प्रयोग की जा सकती है।

vii) क्या वेबसाइट नियमित अद्यतन की जाती है।

(ग) आवेदन अनुबंध-ढ में संलग्न निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित किए जाएंगे।

2.6.13 सर्वश्रेष्ठ राज्य पुरस्कार के लिए:-

(क) एक राष्ट्रीय पुरस्कार उस सर्वश्रेष्ठ राज्य को प्रदान किया जाएगा, जिसने

(i) दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में असाधारण कार्य किया हो और सर्वश्रेष्ठ राज्य के चयन के लिए मानदंड इस प्रकार हैं:-

क्र. सं.	मानदंड	अंक
(i)	दिव्यांगजनों को व्यापक पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने में और श्रेष्ठ स्वरूप की संस्थात्मक अवसंरचना की स्थापना, जिसमें दिव्यांगजनों के लिए राज्य आयुक्त सम्मिलित हैं; करने का समग्र आयोजन एवं रणनीति	10%

(ii)	दिव्यांगजनों, जिन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं, की प्रतिशतता	10%
(iii)	आईजीएनडीपीएस के अंतर्गत गंभीर स्वरूप की बहु दिव्यांगताग्रस्त अभिज्ञात व्यक्तियों की प्रतिशतता	10%
(iv)	निम्नलिखित केंद्रीय क्षेत्र योजनाओं के अंतर्गत राज्य की उपलब्धियां (उनके नोशनल आबंटन की प्रतिशतता में): - (i) डीडीआरएस - 5 % (ii) एडिप - 5% (iii) सिपडा - 5%	15%
(v)	उन सरकारी प्राथमिक शिक्षा विद्यालयों और माध्यमिक विद्यालयों की प्रतिशतता, जिनमें निम्न व्यवस्था विद्धमान हो: (क) रेलिंग युक्त रैंप (ख) विशेष अध्यापक (ग) दिव्यांग अनुकूल शौचालय	10%
(vi)	दिव्यांगजन, जिन्हें उनके लिए विनिर्धारित 3% कोटा के विरूद्ध सरकारी नौकरी प्रदान की गई है	10%
(vii)	सार्वजनिक स्थानों में व्यवधान मुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए किए गए विशेष उपाय	10%
(viii)	कुल राज्य योजना परिव्यय की % के रूप में दिव्यांगजनों से संबंधित राज्य क्षेत्र की योजनाओं पर व्यय	10%
(ix)	पिछले पांच वर्षों के दौरान उन दिव्यांगजनों की प्रतिशतता, जिन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया	05%
(x)	राज्य मार्गीकृत अभिकरण द्वारा एनएचएफडीसी से उसके नोशनल आबंटन के % के रूप में उपयोग किया गया ऋण	10%

(ii) आवेदन अनुबंध-ण में संलग्न निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित किए जाएंगे।

(ख) एक राष्ट्रीय पुरस्कार उस सर्वश्रेष्ठ राज्य को प्रदान किया जाएगा, जिसने

(i) सुगम्य भारत अभियान के कार्यान्वयन में असाधारण कार्य किया हो और सर्वश्रेष्ठ राज्य के चयन के लिए मानदंड इस प्रकार हैं:-

सुगम्य भारत अभियान के कार्यान्वयन के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य के ब्यौरे

क्र. सं.	मानदंड	अंक
